// म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल
( पूर्व - म.प्र. राज्य ओपन स्कूल )
मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 - 2761066
: 0755 – 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com

क्रमांक/एस.ओ.एस.ई.बी./परीक्षा-3 /2022/ 8629 भोपाल, दिनांक 6/9/22

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय EFA विद्यालय (समस्त)
मध्यप्रदेश

विषयः– सुपर 100 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2022–23 सम्पन्न करवाने के नियम–निर्देश एवं विभिन्न प्रारुपों के सम्बंध में।

---00---

जैसा कि आपको विदित है, विषयांकित परीक्षा दिनांक 11.09.2022 रविवार को प्रदेश में प्रत्येक जिलें पर आयोजित होगी।

उक्त परीक्षा हेतु पूर्व नियम–निर्देशों में परिवर्तन किया गया है, निम्नानुसार है–

1. परीक्षा में चार सेट अर्थात् ( ABCD ) नही होगे। प्रत्येक विषय समूह का केवल एक सेट होगा।
2. यह परीक्षा एक पाली में सम्पन्न होगी। परीक्षा का समय 10:30 AM से1:00 PM तक रहेगी।

विषयांकित परीक्षा के विस्तृत नियम–निर्देश एवं परीक्षा से सम्बंधित प्रारुप म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की website www.mpsos.nic.in पर अपलोड करवा दिये गये है। कृपया उन्हें डाउनलोड कर तद्नुसार परीक्षा की कार्यवाही सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

(संचालक द्वारा निर्देशित)

(वर्षा सीठा)
सहासंचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / एस.ओ.एस.ई.बी. / परीक्षा–3 / 2022 भोपाल,दिनांक 6/9/22

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, लोक शिक्षण ,मध्यप्रदेश।
2. संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा (समस्त)।
3. जिला शिक्षा अधिकारी (समस्त)।
4. प्राचार्य,शास.उत्कृष्ट विद्यालय,(समस्त जिले)

.(वर्षा सीठा)
सहासंचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड
भोपाल

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड,भोपाल

**(सुपर–100 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2022)**

**प्रेक्षकों (आब्जर्वर) के लिए निर्देश**

**नोटः–** **जिला शिक्षा अधिकारी जिले के नोडल अधिकारी होगें।**

(1) **नोडल अधिकारी द्वारा प्रेक्षक की नियुक्ति :–**

जिला स्तरीय सुपर – 100 में प्रवेश चयन परीक्षा के प्रेक्षक की नियुक्ति नोडल अधिकारी करेंगें।

(2) **प्रेक्षक का घोषणा पत्र :–**

प्रेक्षक कार्य के लिये स्वीकृति देने के पूर्व प्रेक्षक यह सुनिश्चित कर लें कि यदि उनका कोई निकट संबंधी पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, भाई, बहन, पति/पत्नी के भाई बहन जिले के परीक्षा केन्द्र से परीक्षा में बैठ रहे हों तो वे प्रेक्षक का कार्य स्वीकार्य न करें। कृपया परीक्षा का संचालन में बोर्ड के प्रतिनिधि के रुप में अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करें।

(3) **परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त प्रेक्षक का दायित्व :–**

(3.1) सूचना मिलते ही प्रेक्षक परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष से संपर्क करें।

(3.2) परीक्षा की समय सारणी तथा विषयवार परीक्षार्थियो की संख्या की जानकारी प्राप्त कर लें एवं परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र में जाकर यह सुनिंश्चित कर लें कि परीक्षा संचालन की सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है

(3.3) परीक्षा केन्द्र की बैठक व्यवस्था का भी अवलोकन कर यह सुनिश्चित करे कि परीक्षार्थियों के बीच निर्धारित दूरी ठीक रखी गई है।

(3.4) परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व प्रेक्षक शहर के सभी परीक्षा केन्द्र देख आयें तथा वहाँ के केन्द्र अधिक्षक से संपर्क कर उनको गोपनीय सामग्री वितरण एवं परीक्षा के उपरांत उनको एकत्रित करने के क्रम एव समय का विवरण दें।

(3.5) आप परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 1 घंटा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में अनिवार्य रुप से पहुंचे तथा परीक्षा के दौरान पूरे समय परीक्षा केन्द्र पर रहकर परीक्षा की गोपनीयता एवं सुचिता सुनिश्चित करें।

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल

## (सुपर–100 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2022)

### केन्द्र अधीक्षक के कर्त्तव्य

**नोट :– जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आपके केन्द्र के लिए नामित ऐसे वीक्षकों को जो प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में अध्यापन कराते हैं को ही पर्यवेक्षण कार्य में लगाया जावे।**

(1) केन्द्र अधीक्षक यह सुनिश्चित् करें कि परीक्षा में उसके पुत्र, पुत्री, आदि निकट संबंधी नही बैठ रहे है। आपको इस आशय का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(2) परीक्षा केन्द्र पर शांति एवं सुरक्षा हेतु जिला अधिकारी तथा जिला पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर समुचित पुलिस गार्ड की व्यवस्था करना होगी।

(3) वीक्षकों की बैठक लेकर उन्हें परीक्षा संबंधी सभी आवश्यक निर्देशो की विस्तृत जानकारी दें।

(4) गणित समूह, जीव विज्ञान समूह, वाणिज्य समूह के प्रश्न पुस्तिका का केवल एक सेट होगा। तद् अनुसार केन्द्र अधीक्षक प्रत्येक कक्ष हेतु सिटिंग प्लान तैयार कर ले।

(5) परीक्षा दि.11.09.22 को एक पाली में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक सम्पन्न होगी।

(5.1) सभी वीक्षक एक घंटा पूर्व अनिवार्यतःपरीक्षा केन्द्र पर पहुँच जायें।

(5.2) परीक्षार्थी अपनी–अपनी सीट पर परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम आधा घंटा पूर्व अर्थात प्रातः 10:00 बजे निर्धारित कक्ष में बैठ जाये।

(5.3) परीक्षा के प्रथम 5 मिनिट में वीक्षक परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र में उनके फोटो की जांच करेंगें।

(5.4) बगैर फोटो वाले प्रवेश पत्र लिए परीक्षार्थी को परीक्षा में न बैठने देवें।यदि ऐसा कोई विद्यार्थी आ जाता है तो अन्य फोटो–आई डी.से चेहरा मिलान कर निर्णय ले।केन्द्राध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी की राय से।

(5.5) पश्चात् ओ.एम.आर. शीट मे परीक्षार्थी द्वारा आवश्यक जानकारी की पूर्ति काले बाल पेन(लीड) से कर, गोलों को काला किया जाना है।

(5.6) इसके पश्चात वीक्षक परीक्षार्थियों को प्रश्न पुस्तिकाएं वितरित करेंगें। प्रश्न पुस्तिकाओ को खोलकर यह सुनिश्चित करावे कि–

प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर जितने प्रश्नों की संख्या छपी हे उतने ही प्रश्न अंदर भी है।

प्रश्न पुस्तिकाओं के सभी पृष्ठों में छपाई स्पष्ट है, कोई पन्ना फटा हुआ नही है या कोई पन्ना बाइंड ही नही किया हो या, कोई पृष्ठ दो बार बाइंड हो गया है इत्यादि।

वीक्षक परीक्षार्थी को निर्देश दें, कि वे अपनी–अपनी प्रश्न पुस्तिकाओ की उपरोक्तानुसार अच्छी तरह जांच कर लें एवं त्रुटि पाये जाने पर प्रश्न पुस्तिका बदल ले अन्यथा बाद में न तो कोई प्रश्न पुस्तिका बदली जायेगी न ही इसके लिए कोई अतिरिक्त समय दिया जावेगा, यह जिम्मेदारी परीक्षार्थी की ही होगी।

(5.7) इसके बाद परीक्षार्थी को वीक्षक निर्देशित करेंगे कि अब वे अपनी–अपनी प्रश्नपुस्तिकाओं के क्रमांक अपनी ओ.एम.आर. शीट में बॉक्सों को काले पेन (लीड) से भरे एवं संबंधित गोलों को काला करें।

(5.8) प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ट पर अन्य प्रविष्टियों के अलावा अपनी ओ.एम.आर. शीट का क्रमांक भी निर्धारित बॉक्सों में लिखें।

(5.9) इसी दौरान परीक्षार्थियों को ओ.एम.आर. शीट पर उत्तर अंकित प्रारंभ करने की अनुमति देते हुए परीक्षार्थी को स्पष्ट करेंगें कि प्रश्न पत्र में 100 मल्टीपल चॉइस प्रश्न है। सभी प्रश्न करने अनिवार्य है। इनके उत्तर उपलब्ध कराई गई ओ.एम.आर. शीट में गोले भरकर दिए जाने है।

(5.10) प्रत्येक प्रश्न हेतु 1 अंक निर्धारित है।

(5.11) प्रश्न पत्र हल करने का कुल समय ढाई घंटे (150मिनिट) रहेगा।

(5.12) परीक्षार्थी, रफ कार्य के अतिरिक्त प्रश्न पत्र पर कुछ भी नही लिखेंगें। वे प्रश्नपत्र या ओ.एम.आर. शीट पर कही भी अपना नाम नही लिखेंगें। परीक्षार्थी द्वारा रफ कार्य हेतु प्रश्नपत्र के अंत में छोडे गए सादे पृष्ट का उपयोग किया जा सकता है।

(5.13) परीक्षार्थी, परीक्षा के पश्चात् अपने द्वारा भरी ओ.एम.आर.शीट पर्यवेक्षक के पास वापस जमा करेगें तथा प्रश्न पत्र अपने साथ ले जा सकेंगें।

(6) केन्द्र अधीक्षक अपने केन्द्र के लिये अपनी संस्था से सहायक केन्द्र अधीक्षक, लिपिक एवं आवश्यकतानुसार भृत्य की सेवाये लेंगें। ये सभी व्यक्ति परीक्षा संचालन में केन्द्र अधीक्षक की सहायता करेगें।

(7) किसी भी स्थिति में लिपिकीय वर्ग/प्रयोगशाला का स्टाफ/तृतीय या चतुर्थ श्रेणी का स्टाफ वीक्षक के रुप में नियुक्त न किया जाये।

प्रत्येक 20 परीक्षार्थी के लिए एक वीक्षक आवंटित किया जाये तथा एक कक्ष में कम से कम दो वीक्षक तैनात किये जायें। जहां तक संभव हो केवल ऐसे कक्षों का चयन किया जाये जहां दो वीक्षकों की नियुक्ति न्यायसंगत हो।(अर्थात 30 की क्षमता से कम वाले कक्ष, जहां तक संभव हो ना लिये जाये)प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षको को ही वीक्षक के रुप में तैनात किया जावे।

(7.1) केन्द्र अधीक्षक परीक्षा के विभिन्न भेजे गये सील बंद लिफाफों को प्रेक्षकों (Observers) की उपस्थिति में ही खोलें।

(7.2) परीक्षार्थी की सीट पर जाकर, परीक्षार्थियों को वितरित की गई ओ.एम.आर. शीट पर सील लगायें, रबर सील का नमूना निम्नानुसार है:-

| केन्द्र अधीक्षक<br>सुपर 100 चयन परीक्षा 2022 |
|---|

(7.3) इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि उत्तरशीट गिनते, रखते या वितरित करते समय यह न तो मुड़े न मैली हों, न गीली हों, न ही इसके किनारो को कोई नुकसान पहुंचे अन्यथा ओ.एम. आर.मशीन इसे ठीक से नही पढेगी।कृपया यह भी सुनिश्चित करे कि परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व परीक्षाथियों की सीटें व डेस्क, तैनात कर्मचारी द्वारा अच्छी तरह पोंछ ली गई हैं।

(8) पैकेट खोलने के पूर्वः-

(8.1) प्रेक्षक एवं केन्द्र अधीक्षक, प्रश्न पुस्तिकाओं के पैकेट पर पड़ी सील की जांच सावधानी पूर्वक करें।

(8.2) पैकेट्स के ऊपर 2वीक्षकों,एवं प्रेक्षक हस्ताक्षर लिए जाएं।पश्चात् आप स्वयं करें।

(8.3) यदि केन्द्र अधीक्षक यह पाते हैं कि उनके केन्द्र पर बैठने वाले परीक्षार्थियों की संख्या से उपलब्ध प्रश्न पुस्तिकाओं की संख्या कम हो तो वे सबसे पास के केन्द्र अधीक्षक से आवश्यकतानुसार प्रश्न पुस्तिकाएं प्राप्त कर लें और जिन परीक्षार्थियों का समय नष्ट हुआ हो उसे अतिरिक्त समय देवे, परन्तु इस अतिरिक्त समय में इन विद्यार्थियो पर वीक्षक ओर केन्द्र अधीक्षक विशेष निगरानी रखें।

(9) परीक्षा के दौरान की जाने वाली कार्यवाहीः-

(9.1) परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट के अंदर उपयोग में न लाई गई प्रश्न पुस्तिकाएं प्रत्येक परीक्षा कक्ष से वापस बुलवा ली जाएं तथा प्रेक्षक की उपस्थिति में इन्हें कंट्रोल रूम में बची प्रश्न पुस्तिाकाएं न खोले गए के साथ पैक करके सील कर दी जावें।

(9.2) केन्द्र अधीक्षक इस बात पर निगरानी रखेंगे कि प्रारंभ में ओ.एम.आर.शीट्स पर दो वीक्षकों में से केवल प्रथम वीक्षक ने उसके जिम्मे आने वाले परीक्षार्थियों की ओ.एम.आर.शीट्स में किए गए इन्द्राज की जांच करने के उपरांत उत्तरशीट पर निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर कर दिये हैं। इस दौरान द्वितीय वीक्षक वीक्षणीय कार्य करेंगें।

(9.3) द्वितीय वीक्षक को ओ.एम.आर.शीट में निर्धारित स्थान पर परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् पुनः इन्द्राज की जांच कर हस्ताक्षर करना है। प्रायः द्वितीय वीक्षक परीक्षा समाप्ति के पूर्व ही ओ.एम. आर.शीट पर हस्ताक्षर कर देते है। और इस तरह वे अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभाते हैं। अतः केन्द्र अधीक्षक इस बात की ओर वीक्षक का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित करें तथा उन्हें इसे गंभीरता से लेने की हिदायत दें। यह निर्देश अत्यंत महत्वपूर्ण हैं

(10) परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे के अंदर प्रत्येक परीक्षा कक्ष से निम्नलिखित सामग्री एकत्रित कर लें :–

(1) रासा (RASA)

(2) प्रत्येक कक्षा से अनुपस्थिति पत्रक (ABSENTEE STATEMENT)

(11) किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नही होगी। परीक्षार्थी को प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति हैं।

(12) परीक्षा हॉल में संचार उपकरण, मोबाईल फोन,स्मार्ट फोन,पेजर, कैल्कुलेटर जे जाना प्रतिबंधित होगा। परीक्षा केन्द्र पर नकल या अन्य अन्फेयर मीन्स का उपयोग न हो इसे सुनिश्चित करने के लिए केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक पूर्णतः जिम्मेदार होंगे। नियम पुस्तिका व विनियम में उल्लेखित टीप अनुसार अनुचित साधनों का प्रयोग करते पाये जाने पर कार्यवाही :–

(1)यदि कोई परीक्षार्थी कक्ष में कोई अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पाया जाता है तो वीक्षक तुरंत उस परीक्षार्थी के पास पाए जाने वाली आपत्तिजनक सामग्री एव प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर.शीट को अपने अधिकार में ले लेंवे एवं तुरंत इसकी सूचना केन्द्र अधीक्षक एवं प्रेक्षक को देवें। परीक्षार्थी के ऐसे प्रकरणों के लिए निर्धारित प्रारूप भरने के लिए निर्देशित करें। आपत्तिजनक सामग्री पर वीक्षक भी अपने हस्ताक्षर, दिनांक, समय लिखते हुए करें।

(2)अनुचित साधन के प्रयोग करने वाले परीक्षार्थी की ओ.एम.आर.शीट मय आपत्तिजनक सामग्री के एक अलग लिफाफे में सीलकर भेजें। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट हो ''अनुचित साधन प्रयोग प्रकरण, परीक्षार्थी का नाम परीक्षा केन्द्र, परीक्षा शहर, विषक दिनांक'' ऐसे प्रकरण की सूचना उसी दिन भेजना होगा।

(13) परीक्षा उपरांत सामग्री लौटाते समय नीचे लिखे अनुसार सामग्री की व्यवस्थित किया जाये।

वीक्षक से परीक्षा कक्ष से निम्नलिखित दस्तावेजों को भरकर प्राप्त करें :–

(1)कक्षवार वीक्षक की रिपोर्ट। इस पर दोनो वीक्षक का पूरा नाम, पदनाम एवं हस्ताक्षर होने चाहिये ।

(2)सिंटिंग प्लान, जिसमें परीक्षार्थी का रोल नं. है। इस पर भी वीक्षकों के पूरे नाम, पदनाम , संस्था जहां कार्यरत है एवं हस्ताक्षर होना चाहिए।

(3)रासा।

(4)वीक्षक से प्राप्त ओ.एम.आर.शीट क्रम से जमा कर रखें। यह सुनिश्चित् करें कि प्रत्येक ओ. एम.आर.शीट पर परीक्षार्थी एवं दोनों वीक्षकों ने हस्ताक्षर किये हों। अनुपस्थित परीक्षार्थी की ओ. एम.आर.शीट पर अनुपस्थित के स्थान पर गोला काला करने हुए वीक्षक पूर्ति कर हस्ताक्षर करेंगें।

(5)केन्द्र पर दर्ज समस्त परीक्षार्थियों की ओ.एम.आर.शीट, क्रम से जमाकर 200–200 के पैकेट बनायेगे, ऊपर नीचे गत्ते का टुकड़ा रखकर, ब्राउन पेपर का पैकेट बनाकर, सावधानी पूर्वक पैक कर, केन्द्र अधीक्षक एवं प्रेक्षक की सील लगाना है। पैकट पर दर्ज संख्या, उपस्थित एवं अनुपस्थित संख्या आवश्यक लिखे। विशेष ध्यान रखें कि गत्तों की साइज ओ.एम.आर.शीट की साइज से बड़ी हो। इसके साथ निम्न सामग्री आने–अपने संयुक्त संचालक (शिक्षा) कार्यालय को परीक्षा समाप्ति के पश्चात् जमा करायें।

- रासा
- शेष बची हुई अतिरिक्त ओ.एम.आर.शीट
- वीक्षक रिपोर्ट
- प्रेक्षक रिपोर्ट
- केन्द्राघ्यक्ष रिपोर्ट

# म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल

## ( सुपर - 100 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2022)

### वीक्षकों हेतु निर्देश (Instruction for Invigilators)

(1) परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार वीक्षकों की नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी करेंगें। नियुक्त किये गये वीक्षक संबंधित परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के निर्देशानुसार पर्यवेक्षण (Invigilators) कार्य सम्पादित करेंगें।

(2) वीक्षक यह शपथ पत्र देगा कि उसका कोई निकट संबंधी (पुत्र, पुत्री, भाई, बहन अथवा पति/पत्नि के भाई ,बहन) परीक्षा केन्द्र में नही बैठ रहे है।

(3) परीक्षा एक पाली में दि.11.09.2022 को प्रातः10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक सम्पन्न होगी।

(2) वीक्षक को परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक कार्यालय में परीक्षा आरंभ होने के कम से कम एक घंटा पूर्व पहुंच जाना है और परीक्षा समाप्ति उपरांत कार्यवाही पूर्ण होने पर केन्द्र छोड़ना है।

(3) वीक्षक प्रश्न–पुस्तिकाओं एवं ओ.एम.आर.शीट्स के बंडल को गिनकर यह सुनिश्चित् करें कि उसे दी जाने वाली सामग्री उतनी है जितनी उसे परीक्षा कक्ष के लिए निर्धरित प्रपत्र में अंकित की गई है। सामग्री पूरी तरह से गिनकर एवं आश्वस्त होकर वीक्षक ओ.एम.आर.उत्तर–शीट्स एवं अपने परीक्षा कक्ष से संबंधित फोल्डर को लेकर ही परीक्षा कक्ष की ओर जायेंगें। वीक्षक को परीक्षा आरंभ होने के 30 मिनिट पूर्व परीक्षा कक्ष में पहुँच जाना है।

(4) छात्रों को अन्दर प्रवेश हेतु अनुमति देने के पूर्व वीक्षक छात्रों की जांच कर प्रवेश पत्र से उसका फोटो मिलावें, सही पाये जाने पर ही उन्हें ओ.एम.आर.शीट्स ओर प्रश्न पत्र वितरित करें।

यह सुनिश्चित् करें कि:–

(4.1) परीक्षार्थी अपनी–अपनी सीट पर परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम आधा घंटा पूर्व निर्धारित कक्ष में बैठ जाये किसी भी परिस्थिति में बगैर फोटो वाले प्रवेश पत्र लिए परीक्षार्थी को परीक्षा में न बैठने देवें।

(4.2) उक्त के पश्चात ओ.एम.आर. शीट में परीक्षार्थी द्वारा आवश्यक जानकारी की पूर्ति काले बाल पेन (लीड) से कर, गोलो को काला किया जाना है।

(4.3) इसके पश्चात् वीक्षक परीक्षार्थियों को प्रश्न पुस्तिकाएं वितरित करेगें।

इसके पश्चात् प्रश्न पुस्तिकाओं को खोलकर निम्नलिखित जांच करेगें :–

(1) प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर जितने प्रश्नों की संख्या छपी है उतने ही प्रश्न अंदर भी हें।

(2) प्रश्न पुस्तिकाओं के सभी पृष्ठों में छपाई स्पष्ट है, कोई पन्ना फटा हुआ नहीं है या कोई पन्ना बाइंड ही नही किया हो या, कोई पृष्ठ दो बार बाइंड हो गया है इत्यादि।

वीक्षक को परीक्षार्थी को स्पष्ट करना है कि वे अपनी–अपनी प्रश्न पुस्तिकाओं की उपरोकतानुसार अच्छी तरह जांच कर ले एवं त्रुटि पाये जाने पर सही प्रश्न पुस्तिका से बदल ले अन्यथा उसके बाद ना तो कोई प्रश्न पुस्तिका बदली जावेगी न ही इसके लिए कोई अतिरिक्त समय दिया जावेगा यह जिम्मेंदारी परीक्षार्थी की ही होगीं वीक्षक स्पष्ट करेंगें कि प्रश्न पत्र 100 मल्टीपल चॉइस प्रश्न है। सभी प्रश्न करने अनिवार्य है। इनके उत्तर उपलब्ध कराई गई ओ.एम. आर. शीट में गोले भरकर दिए जाने है।

- प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर हेतु 1 अंक निर्धारित है।

- परीक्षा समयावधि ढाई घंटे (150 मिनिट) रहेगी।
- परीक्षार्थी किसी एक विषय समूह की ही प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होगा।
- परीक्षार्थी, रफ कार्य के अतिरिक्त प्रश्न पत्र पर कुछ भी नही लिखेंगें। वे प्रश्नपत्र या ओ.एम.आर.शीट पर कही भी अपना नाम नही लिखेंगें। परीक्षार्थी द्वारा रफ कार्य हेतु प्रश्नपत्र के अंत में छोड़े गए सादे पृष्ठ का उपयोग किया जा सकता है।
- परीक्षार्थी परीक्षा के पश्चात् अपने द्वारा भरी ओ.एम. आर.शीट पर्यवेक्षक के पास वापस जमा करेंगें। तथा परीक्षार्थी प्रश्न पत्र अपने साथ ले जा सकेगें।

(5) परीक्षार्थी को आवंटित की जाने वाली ओ.एम.आर.शीट पर उसका रोल नम्बर, फोटो आदि जानकारी अंकित की गयी है। अतः यह सुनिश्चित करे कि जो ओ.एम.आर.शीट जिस परीक्षार्थी की है उसे ही आवंटित की जावे। यदि कोई परीक्षार्थी अनुपस्थित है तो आधे घंटे पश्चात् अनुपस्थित परीक्षार्थी की ओ.एम.आर.शीट में वीक्षक अनुपस्थित वाला गोला काला कर अपने हस्ताक्षर करेंगें।

(1) परीक्षा के दौरान उपस्थित समस्त परीक्षार्थियों द्वारा की गयी पूर्ति की जांच के साथ रासा (उपस्थिति पत्रक) में परीक्षार्थी के हस्ताक्षर करवाये जावें चूंकि 20 परीक्षार्थियों के लिए एक वीक्षक की व्यवस्था है अतः जिस वीक्षक द्वारा समस्त पूर्ति की जांच की गयी है उसे अन्य वीक्षक क्रास चैक कर ही ओ.एम.आर.शीट पर द्वितीय वीक्षक के लिए निर्धरित स्थान पर हस्ताक्षर करें।

(2) अनुपस्थित परीक्षार्थी की ओ.एम.आर.शीट पर आवश्यक पूर्ति उपरांत वीक्षक हस्ताक्षर कर क्रम में रखें।

(3) परीक्षा के उपरांत प्रत्येक ओ.एम.आर.शीट की जांच एवं निगरानी के पश्चात् क्रम से ओ.एम.आर.शीट जमा कर केन्द्र अधीक्षक को वापस लौटावे।

(सुपर - 100 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2022)

# उपस्थिति पत्रक

(उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा)

| परीक्षार्थी का फोटो एवं नाम | अनुक्रमांक | प्रश्न पुस्तिका क्रमांक | ओ.एम.आर. शीट्स क्रमांक | हस्ताक्षर नमूना | परीक्षार्थी के हस्ताक्षर | पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के सील
सहित हस्ताक्षर

( सुपर - 100 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2022)

## कक्षवार सिटिंग प्लान

परीक्षा का नाम ........................................................................................ शहर ....................................................

(क) कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या ........................................ (ख) अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या .....................

इस प्रोफार्मा की 2 प्रतियाँ वीक्षक की नस्ती में रखी जाए एवं वीक्षक अनुपस्थिति परीक्षार्थियों के रोल नंबर को गोला लगाकर चिन्हित करें।

| | 1 Column | 2 Column | 3 Column | 4 Column | 5 Column | 6 Column |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | रोल नं. | रोल नं | रोल नं | रोल नं | रोल नं | रोल नं |
| **Row 1** | | | | | | |
| **Row 2** | | | | | | |
| **Row 3** | | | | | | |
| **Row 4** | | | | | | |
| **Row 5** | | | | | | |
| **Row 6** | | | | | | |

**Position of gate may be shown as per actual location**

| वीक्षक का नाम | पद | संस्था जहां कार्यरत है | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

केन्द्र अधीक्षक के हस्ताक्षर व सील

**Total Registered -------------**

**Class room no--------------------**

## (सुपर-100 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2022)

## केन्द्र अधीक्षक रिपोर्ट (प्रश्न पुस्तिकाओं व उत्तरशीट्स लेखा)

**परीक्षा केन्द्र का नाम ..................................................... केन्द्राध्यक्ष का नाम एवं मो.नं. ............................................**

**प्रेक्षक का नाम एवं मो.नं. .................................................... परीक्षा समय .................... से .................. तक**

**केन्द्र पर पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या ...........................................................................................**

**भाग -एक**

| विषय एवं समय | कुल प्राप्त प्रश्न पुस्तिकाओं की संख्या i | उपयोग की गई प्रश्न पुस्तिकाओं की संख्या (रद्द प्रश्न पुस्तिकाएं छोड़कर) ii | उपयोग न की गई प्रश्न पुस्तिकाओं की संख्या iii | रिमार्क (यदि कोई हो तो) रद्द की गई प्रश्न पुस्तिकाएं iv | हस्ताक्षर प्रेक्षक एवं केन्द्र अधीक्षक |
|---|---|---|---|---|---|
| सम्मिलित प्रवेश परीक्षा 2022 | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**भाग-दो उत्तरशीट्स का लेखा**

| प्रदत्त ओ.एम.आर. शीट्स की कुल संख्या | परीक्षार्थी द्वारा उपयोग की गई ओ.एम.आर. शीट्स की संख्या | रद्द की गई कुल ओ.एम.आर. शीट्स की संख्या | परीक्षार्थी के नाम रहित अतिरिक्त प्रदाय ओ.एम.आर. शीट्स की संख्या | लौटाई गई कोरी .एम.आर. शीट्स की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| कुल जमा की गई (परीक्षार्थियों . अनुपस्थित परीक्षार्थियों (वीक्षक द्वारा भरी) ओ.एम.आर.शीट्स की संख्या ...................... | | | | |

..................................... (1) **हस्ताक्षर प्रेक्षक**
**नाम व पदनाम**

..................................... (2) **केन्द्र अधीक्षक के हस्ताक्षर**
**नाम व पदनाम**

**नोट : सम्पूर्ण प्रवेश परीक्षा के लिये एकजाई भरा जाना है।**

( सुपर - 100 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2022)

केन्द्र की सील ........................................ परीक्षा शहर ..........................

## वीक्षक की रिपोर्ट (Report of Invigilator)

परीक्षा केन्द्र का नाम ............................................ परीक्षा की तिथि ........................... परीक्षा का समय ....................

(क) कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या ....................................... (ख) अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या ......................

(ख) उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या ......................................................................................................................

अनुपस्थित परीक्षार्थियों के रोल नंबर (यदि लिखने में त्रुटि हो जाये तो एक आड़ी रेखा से काटकर ऊपर पुनः स्पष्ट लिखें, ओवर राइटिंग न करें।)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

(ग) अनुचित साधन का उपयोग करते पकड़े गये परीक्षार्थियों के रोल नंबर कुल संख्या ..............

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(घ) उत्तरशीटें एवं प्रश्न-पुस्तिकाओं का लेखा

| समग्री | केन्द्र अधीक्षक द्वारा दी गई संख्या | परीक्षार्थियों द्वारा उपयोग में लाई गई संख्या (UFM) सहित | केन्द्र अधीक्षक को परीक्षा प्रारंभ होने 1/2 घंटे के अंदर लौटाई गई संख्या (रद्द की गई उत्तरशीट्स) एवं खराब पाई गई प्रश्न-पुस्तिकाओं सहित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरशीट्स | | | | | | | |
| प्रश्न-पुस्तिकाएं | | | | | | | |

| क्र. | वीक्षक का नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

( सुपर - 100 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2022)

## अनुचित साधन वाले प्रकरण (यू.एफ.एम.) UNFAIR MEAN (s) CASES (UFM)

परीक्षा केन्द्र की सील ........................................................................................................ शहर ..............................

परीक्षार्थी का नाम एवं पता ............................................................................................. परीक्षा समय..................

जिस अनुचित साधन का उपयोग ........................................................................................................................

करते हुए पाया गया

(क) परीक्षार्थी के पास से प्राप्त नकल संबंधी सामग्रियों का तथा आपस की बातचीत का विस्तृत विवरण :– (इन सामग्रियों पर परीक्षार्थी के हस्ताक्षर लिये जाये तथा उन पर वीक्षक, केन्द्र अधीक्षक एवं प्रेक्षक प्रति हस्ताक्षर करें)

(ख) यदि परीक्षार्थी किसी परीक्षार्थी से संपर्क (Communicate) कर रहा था, तो

(1) वह किससे पूछ रहा था? नाम ............................................................ रोल नं..............................

(2) पूछने पर क्या दूसरे परीक्षार्थी ने बताया?

जो लागू हो उसके नीचे टिक करें

| हाँ | नहीं |
|---|---|
| | |

**परीक्षार्थी के स्वयं की लिखावट में कथन :–**

(क) (1) क्या उपरोक्त सामग्रियां आपसे जब्त की गई? ..................................................................

(2) इन्हें आपने पास क्यों रखा था? ............................................................................................

(3) क्या इनमें से किसी का उपयोग आपने किया?

परीक्षार्थी के स्वयं का ब्यान ...................................................................................................................

(ख) आपने ....................................................... (नाम) से क्यों पूछा? ..................................................

/आपने क्यों बताया ............................................ आपको और कुछ कहना है?........................................

दिनांक ................................... समय ................................... परीक्षार्थी के हस्ताक्षर ..............................

प्रमाणित किया जाता है कि परीक्षार्थी द्वारा उपरोक्त कथन मेरी उपस्थिति में लिया गया है/परीक्षार्थी ने कोई कथन देने से इंकार किया (जो लागू न हो उसे काट दें)

वीक्षक के हस्ताक्षर

1 ............................................ 1 ............................................

2 ............................................ 2 ............................................ ............................................

केन्द्र अधीक्षक के हस्ताक्षर

दिनांक ................................... समय ......................................

# ( सुपर - 100 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 2022)

## केन्द्र अधिक्षक की रिपोर्ट

परीक्षा केन्द्र का नाम ..............................................................................................................................

(1) रासा में अंकित रोल नं.............................................से .......................................तक कुल संख्या.................

(2) प्राप्त ओ.एम.आर. शीट्स ..............................................................................................................

(3) उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या .................................परीक्षार्थियों से प्राप्त ओ.एम.आर. शीट्स संख्या.....................

(4) अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या ..............वीक्षक द्वारा भरी (अनुपस्थित) ओ.एम.आर. शीट्स की संख्या...............

(5) यू.एफ.एम. प्रकरण एवं अनुक्रमांक..................................................................................................

..............................................................................................................................................

| रोल नं. से रोल नं. तक | कुल ओ.एम.आर. शीटों की संख्या | अनुपस्थित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| प्राप्त ओ.एम.आर.शीट्स का योग – | | |

......................................

प्रेक्षक के हस्ताक्षर

नाम, पदनाम एवं संस्था

........................................

केन्द्र अधीक्षक के हस्ताक्षर

नाम, पदनाम एवं संस्था

नोट : 1. अनुपस्थित परीक्षार्थियों को आवंटित ओ.एम.आर. शीट्स के निर्धारित गोले को वीक्षक काला कर अपने हस्ताक्षर करेंगें एवं उपस्थित परीक्षार्थियो की ओ.एम.आर. शीट के साथ निर्धारित क्रम में रखेगे।

2. अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने पर उनके अनुक्रमांक पृष्ठ भाग पर अंकित किए जावें।

# घोषणा–पत्र

मैं, घोषणा करता/करती हूं कि सुपर 100 चयन प्रवेश परीक्षा 11 सितम्बर 2022 मेरा कोई निकटतम संबंधि (जैस – पति, पुत्र, पुत्री, बहन, भाई, पत्नी के भाई/बहन) प्रविष्ट नही हो रहा/रही है।

2. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूं कि उक्त परीक्षा से संबंधित जो भी गोपनीय कार्य मुझे सौंपा जावेगा उसे मैं निष्ठा, ईमानदारी एवं परिश्रम के साथ सम्पन्न करूंगा/करूंगी तथा उसकी गोपनीयता किसी भी प्रकार से भंग नहीं करूंगा/करूंगी।

3. यदि इस घोषणा–पत्र में प्रस्तुत की गई जानकारी किसी भी समय असत्य पाई जाती है, तो मंडल को मेरा पारिश्रमिक निरस्त करने का अधिकार होगा और मेरे विरूद्ध विभागीय जाँच व वैधानिक कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा।

दिनांक :– .....................

हस्ताक्षर : ..........................................................

पद सहित पूरा नाम : .......................................

पिता/पति का नाम : .......................................

वर्तमान पूरा पता : ...........................................

..................................................................................

..................................................................................

पिन कोड नं. .....................................................

टेलीफोन/मो.नं. ..............................................